# केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो मुख्यालय

केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई), स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधीन स्वास्थ्य आसूचना के लिए एक नोडल एजेंसी है, जो संचारी और गैर-संचारी रोगों के संबंध में प्राथमिक और द्वितीयक डेटा को संग्रहित और संकलित करके राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल के माध्यम से प्रकाशित करती है और नई दिल्ली में स्थित केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों के कम्प्यूटरीकरण/डिजीटलीकरण संबंधी क्रियाकलापों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षणों, आदि का पर्यवेक्षण और मॉनिटरिंग करती है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो, मुख्यालय, नई दिल्ली के अध्यक्ष केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा (सीएचएस) संवर्ग के एसएजी स्तर के चिकित्सा अधिकारी(जो जन स्वास्थ्य प्रशासन में विशेषज्ञता प्राप्त हैं) हैं और उनकी सहायता के लिए भारतीय सांख्यिकी सेवा, अधीनस्थ सांख्यिकी सेवा और केन्द्रीय सचिवालय सेवा के अधिकारी हैं। ब्यूरो के तीन प्रभाग हैं, नामतः

(क) नीति, प्रशिक्षण, अनुसंधान और सहयोग (पीटी एंड सी) प्रभाग;

(ख) सूचना एवं मूल्यांकन (आई एंड ई) प्रभाग; और

(ग) प्रशासन

केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो मुख्यालय के अधिकारियों व स्टाफ का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रम सं. | नाम | पदनाम | ईमेल आईडी | दूरभाष संख्या/ मोबाइल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. मधु रायकवार | उप महानिदेशक एवं निदेशक | dircbhi@nic.in | 2306 3175 (इनटर्नल–2753) |
| 2 | सुश्री सविता यादव | निदेशक के निजी सचिव | yadav.savi@gmail.com | 2306 3175 (इनटर्नल-2753) |
| 3 | श्री एम.सी. शुक्ला | संयुक्त निदेशक | mcshukla.edu@nic.in | 2306 2695 |
| 4 | श्री बी.के. मिश्रा | उप निदेशक | bkmishra.iss@nic.in | 2306 2695 |
| 5 | श्री आर.के. शर्मा | वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी (एसएसओ) | rk.sharma26@nic.in | 2306 3175 (इनटर्नल–2500) |
| 6 | श्री ए.के. कुरील | वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी (एसएसओ) | ak.kureel@nic.in | - |
| 7 | सुश्री आर. टोप्पो | अनुभाग अधिकारी | r.toppo044@gmail.com | - |
| 8 | श्री जसपाल सिंह | सहायक अनुभाग अधिकारी | jaspalsingh.24@nic.in | - |
| 9 | श्री उमाकांत | कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी(जेएसओ) | umakant.88@nic.in | - |
| 10 | सुश्री ज्योति रावत | कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी(जेएसओ) | jyoti.rawat90@nic.in | - |
| 11 | श्री सुबह सिंह | एमटीएस | - | - |
| 12 | श्री रोहतास सिंह | एमटीएस | - | - |
| 13 | श्री महेन्दर कुमार | एमटीएस | - | - |

**केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) के प्रमुख क्रियाकलाप**

(i) **"राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफ़ाइल (एनएचपी)" के वार्षिक प्रकाशन का मुद्रण**:- केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (सीबीएचआई) स्वास्थ्य सांख्यिकी के अनुरक्षण और प्रसार के लिए विभिन्न सरकारी संगठनों/विभागों से विभिन्न संचारी और गैर-संचारी रोगों, स्वास्थ्य क्षेत्र में मानव संसाधन और बुनियादी स्वास्थ्य ढांचे के संबंध में प्राथमिक डेटा के साथ-साथ द्वितियक डेटा एकत्र करता है। यह प्रकाशन अधिकांश प्रासंगिक स्वास्थ्य सूचनाओं को 6 प्रमुख संकेतकों अर्थात जनसांख्यिकी, सामाजिक-आर्थिक, स्वास्थ्य स्तर, स्वास्थ्य वित्त, स्वास्थ्य अवसंरचना और मानव संसाधन के तहत प्रस्तुत करता है।

(ii) **प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के श्रमबल का विकास**:-
स्वास्थ्य क्षेत्र में क्षमता निर्माण और मानव संसाधन विकास के लिए सीबीएचआई अपने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से केंद्रीय/राज्य सरकारों, ईएसआई, रक्षा और रेलवे और निजी स्वास्थ्य संस्थानों के विभिन्न चिकित्सा अभिलेख विभागों और स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है । इन सभी पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण कैलेंडर, पात्रता, दिशा-निर्देश और आवेदन-प्रपत्र सीबीएचआई की आधिकारिक वेबसाइट www.cbhidghs.nic.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

(iii) **क्षमता निर्माण और संक्रियात्मक अनुसंधान**:-
भारत में फैमिली ऑफ इंटरनैश्नल क्लासिफिकेशन (आईसीडी-10 और आईसीएफ) के प्रयोग सहित कुशल स्वास्थ्य सूचना प्रणाली(एचआईएस) के लिए, सीबीएचआई क्षेत्रीय स्वास्थ्य सांख्यिकी प्रशिक्षण केंद्र (आरएचएसटीसी), मोहाली, चंडीगढ़ में आईसीडी-10 और आईसीएफ पर मास्टर प्रशिक्षकों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का आयोजन कर रहा है । यह अपनी 6 क्षेत्रीय स्वास्थ्य इकाईयों के माध्यम से आईसीडी-10 और आईसीएफ पर प्रमुख सरकारी/निजी अस्पतालों में संवेदीकरण कार्यशालाओं का भी आयोजन कर रहा है ।

सीबीएचआई हर साल प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के 54 बैच नियमित आधार पर आयोजित करता है। हालांकि, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और विभिन्न संगठनों जैसे आईआरडीए, विश्व स्वास्थ्य संगठन(डबल्यूएचओ), रक्षा मंत्रालय, आदि के अनुरोध पर राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षुओं के लिए शेष बैचों का भी आयोजन किया जाता है।

(iv) **सहयोगी केंद्र**:-
सीबीएचआई द्वारा भारत में फैमिली ऑफ इंटरनैश्नल क्लासिफिकेशन (आईसीडी-10 और आईसीएफ) के संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोगी केंद्र के रूप में कार्य करने के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

(क) विश्व स्वास्थ्य संगठन के फैमिली ऑफ इंटरनैश्नल क्लासिफिकेशन(डब्ल्यूएचओ-आईसीएफ) जिसमें आईसीडी, आईसीएफ और अन्य व्युत्पन्न और संबद्ध वर्गीकरण शामिल हैं, के विकास और उपयोग को बढ़ावा देना और उनके कार्यान्वयन में योगदान देना।

(ख) देश के भीतर और देशों के बीच तुलना को संभव बनाने के लिए, सुसंगत और विश्वसनीय आधार पर स्वास्थ्य की स्थिति, उपचारों (इंटरवेंशन) और परिणामों के आंकलन के लिए, डब्ल्यूएचओ-एफआईसी के उपयोग की पद्धतियों के विकास में योगदान देना ।

(ग) डब्ल्यूएचओ-एफआईसी के वर्तमान और भावी उपयोगकर्ताओं के साथ नेटवर्किंग और एक संदर्भ केंद्र के रूप में कार्य करना ।

(घ) डब्ल्यूएचओ-एफआईसी के कम से कम एक संबद्ध और/या व्युत्पन्न क्षेत्र में काम करना:
विशेषज्ञता-आधारित अनुकूलन, प्राथमिक देखभाल अनुकूलन, उपचार(इंटरवेंशन)/प्रक्रियाएं, चोट वर्गीकरण(आईसीईसीआई)।

(v) **सीबीएचआई द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र - नीतिगत सुधार विकल्प डाटाबेस (एचएस-पीआरओडी) के लिए सुधारात्मक पहलों पर जानकारी एकत्र करना:** यद्यपि, भारत के राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य देखभाल वितरण प्रणाली में सुधार के लिए गंभीरता से प्रयास कर रहे हैं, फिर भी इनमें से कई प्रयास अनदेखे रह जाते हैं और इसलिए दस्तावेजों में उनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिलती है ।

**सीबीएचआई के सम्पर्क और समन्वय**

1. भारत के सभी 37 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र।
2. भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सभी 20 क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) और भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम।
3. मेडिकल, नर्सिंग और पैरा-मेडिकल परिषद और शैक्षिक संस्थान।
4. आईसीएसएचआरआई सहित स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अधीन सार्वजनिक स्वास्थ्य/चिकित्सा देखभाल संगठन और विभिन्न अन्य मंत्रालय।
5. भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त।
6. नीति आयोग, भारत सरकार और
7. केन्द्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय।
8. केंद्रीय रक्षा मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय, श्रम मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पोत, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, गृह मंत्रालय, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, आदि।
9. विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य संयुक्त राष्ट्र एजेंसियां जो स्वास्थ्य और सामाजिक-आर्थिक विकास से संबंधित हैं।
10. विश्व एशिया प्रशांत नेटवर्क और दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के सभी विश्व स्वास्थ्य संगठन - परिवार के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण (FIC) के सभी सहयोग केन्द्र।
11. यूरोपीय आयोग।
12. आईआरडीए, हैदराबाद।
13. आर्थिक विकास संस्थान (आईईजी)।
14. भारत में स्वास्थ्य और संबंधित क्षेत्रों के गैर-सरकारी संगठन।